नवभारत टाइम्स

22nd Sept, 2019

2021 दिसंबर में भारतीय अंतरिक्ष में जाएंगे: डॉ. के सिवन

आईआईटी भुवनेश्वर के आठवें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित किया

■ नवभारत रिपोर्टर। रायपुर.

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. के सिवन शनिवार को अरगुल स्थित आईआईटी भुवनेश्वर के आठवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस समारोह में आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. आरवी राजा कुमार ने कार्यक्रम का की अध्यक्षता की. इस दौरान डॉ. सिवन ने नये स्नातक छात्रों को बधाई दी. शिक्षण के लिए एक मौलिक दृष्टिकोण के रूप में नवाचार की भावना को विकसित करके सीखने में नए तरीकों को लाने के लिए उन्होंने आईआईटी भुवनेश्वर के 11 वर्ष के कठिन परिश्रम की सराहना की. साथ ही उन्होंने कहा कि, 2020 दिसंबर में पहला अनमैनड मिशन एवं 2021 दिसंबर में पहला मैनड मिशन कर भारत पूरे विश्व में इतिहास रचेगा. उन्होंने छात्रों का गगनायन के संपर्क में सूचना देने के अवसर पर 2021 दिसंबर में भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे. इस अवसर पर कुल 32 पीएचडी, 105 एमटेक, 67 एमएससी और 152 बीटेक छात्रों को डिग्री प्रदान की गई. इन डिग्रीधारियों को बधाई व उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रोफेसर कुमार ने बीटेक पास-आउट के पूरे बैच के बीच सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया. राहुल दास और अनुभव नाथ को क्रमशः एमएससी और एमटेक के पूरे बैच के बीच सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए निदेशक के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, सीनेट सदस्य, डीन, स्कूलों के प्रमुख, संकाय, आईआईटी-भुवनेश्वर के स्टाफ सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे.